# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 541 वर्ष 43

राँची, 28 फरवरी, 2019

## सीसीएल परिवार ने वीर शहीद को श्रद्धांजली दी



सीएमडी श्री गोपाल सिंह शहीद विजय सोरेंग को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए

विगत 16 फरवरी को सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कंपनी की ओर से पुलवामा आंतकी हमले में झारखंड के वीर शहीद सीआरपीएफ जवान विजय सोरेंग के पार्थिव शरीर पर बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट में पुष्पचक्र चढ़ाकर उन्हें नमन किया एवं श्रद्धांजली अर्पित की। श्री सिंह ने कहा कि इस घटना से मैं तथा सीसीएल वृहद परिवार बहुत व्यथित और दुःखी हैं और पूरा सीसीएल परिवार आपके साथ हैं। उन्होंने उनके बच्चों को अपने संदेश में कहा कि आपके पिता बहादुर वीर सैनिक थे और उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। आज पूरा देश उनका जयगान कर रहा है।

सीसीएल ने वीर शहीद विजय सोरेंग के बच्चों के भविष्य को सुनिश्चित रखने हेतु पहल करते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह की अध्यक्षता में जेसीएससी की बैठक में जेसीएससी सदस्यगण ने यह निर्णय लिया कि वे सभी स्वेच्छा से रू. 1000/– (रूपया एक हजार) एवं सीसीएल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए रू. 200/– (रू. दो सौ) का योगदान करने का निर्णय लिया गया, साथ ही वे स्वेच्छा से अधिक राशि भी दे सकते हैं। सीसीएल परिवार शहीद परिवार की बेहतरी के लिए जो बन पड़ेगा, वह सबकुछ करेगा।

## रजहारा कोलियरी का पुनरूद्धार

माननीय सांसद (पलामू), श्री बी.डी. राम एवं सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से कोलियरी में कार्य आरंभ करने के लिए विगत 25 फरवरी को सीसीएल के रजहारा कोलियरी का पुनरूद्धार किया गया। इस अवसर पर माननीय विधायक श्री राधाकृष्ण किशोर, महाप्रबंधक, रजहारा श्री एम.के. राव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, विभिन्न श्रमिक संघो के प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

माननीय सांसद श्री राम ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन रजहारा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है और आमजन की अपेक्षाओं को पूर्ण करते हुए सभी के सहयोग से रजहारा कोलियरी पुनः प्रारंभ की जा सकी है।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि रजहारा क्षेत्र एवं सीसीएल परिवार के लिए आज का दिन गौरवशाली और शुभ है। श्री सिंह ने बताया कि आज भी देश के 70 प्रतिशत घर कोयले से रौशन होते है और अब रजहारा क्षेत्र भी इसमें अपना योगदान देगा । श्री सिंह ने बताया कि रजहरा के पुनः आरंभ होने से परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से हज़ारों लोग रोजगार प्राप्त कर सकेंगे ।

इस अवसर पर सीसीएल प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए माननीय विधायक श्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि रजहारा कोलियरी के पुनः खुलने से रोजगार सृजन के साथ साथ क्षेत्र का भी विकास होगा ।

अपने स्वागत भाषण में महाप्रबंधक (रजहारा) श्री एम के राव ने माननीय सांसद श्री बी डी राम, सीएमडी श्री गोपाल सिंह के मार्गदर्शन सहित रजहारा क्षेत्र के आमजन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



रजहारा कोलियरी का पुनरूद्धार करते माननीय सांसद श्री बी.डी. राम, सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य अतिथिगण

## "रेस्लिंग 2019" में जेएसएसपीएस का श्रेष्ठ प्रदर्शन

झारखंड राज्य खेल द्वारा आयोजित "रेस्लिंग 2019" में जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कास्य पदक जीतकर अपने नाम किया। जेएसएसपीएस की ओर से इस प्रतियोगिता में कुल 9 कैडेटस ने भाग लिया था और सभी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 9 पदक जीते।

हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों से मिलकर उनके स्वर्णीम सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं आगामी प्रतियोगिताओं के बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। जेएसएसपीएस एवं उनके प्रशिक्षकों तथा सीसीएल प्रबंधन ने इस उल्लेखनिय प्रदर्शन के लिए सभी विजयी कैडेटस को बहुत–बहुत बधाई दी।



जेएसएसपीएस कैडेट्स अवार्ड के साथ

## माननीय उपराष्ट्रपति से सीएमडी सम्मानित

विगत 19 फरवरी को भारत के उपराष्ट्रपति माननीय श्री एम. वैंकेया नायडू ने सीसीएल को अनुसूचित जनजातियों के बच्चों को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर "एनसीएसटी लीडरशीप अवार्ड" से सम्मानित किया। यह अवार्ड सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने माननीय उपराष्ट्रपति के हाथों से ग्रहण किया। सीसीएल इस अवार्ड को ग्रहण करने के साथ सार्वजनिक क्षेत्र का पहला उपक्रम बन गया है जिसे आयोग द्वारा सम्मानित किया गया है।



अवार्ड ग्रहण करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

## सीसीएल विप्स "रिकोगनेशन अवार्ड" से सम्मानित



अवार्ड के साथ सीसीएल अधिकारीगण

विगत 12 फरवरी को स्कोप कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली में WIPS की 29वीं राष्ट्रीय बैठक में सीसीएल को कंपनी की महिला कर्मियों के विकास एवं प्रोत्साहन हेतु उल्लेखनीय योगदान के लिए "रिकोगनेशन अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड सीसीएल को "एक्सीलेंस इन पब्लिक इंटरप्राईजेज" की मिनीरत्न कैटेगरी में मिला। समारोह की मुख्य अतिथि मणीपुर की माननीया राज्यपाल डॉ नजमा हेपतुला द्वारा पुरस्कार सीसीएल की विप्स समन्वयक/महाप्रबंधक (समाधान सेल) सुश्री रश्मि दयाल, वरीय प्रबंधक (कार्मिक) श्रीमती रेखा पाण्डेय, वरीय प्रबंधक (कार्मिक) श्रीमती अर्चना सिन्हा एवं अन्य ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया।

## सम्मान समारोह का आयोजन

फरवरी माह में पूरे सीसीएल से कुल 137 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। फरवरी माह में मुख्यालय से सेवानिवृत्त कर्मियों के नाम : सर्वश्री भगवान दास यादव, मुख्य महाप्रबंधक (खनन), रवीन्द्र कुमार पाण्डेय, महाप्रबंधक (उत्खनन), राजदेव सिंह, महाप्रबंधक (औ. इंजी.), चरणजीत सिंह, उप प्रबंधक (वित्त), गोपाल कृष्ण झा, अकाउन्टेंट – ए, लाल नारायण पाण्डेय, अकाउन्टेंट – ए1, श्रीमती सुनीता शैलबाला धान, कार्या. अधी. ए1 तथा केन्द्रीय अस्पताल से श्री मोती राम, कैट V

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)